आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांकः– एफ7 (4) राजस्थान मिशन 2030 / अकाद / आकाशि / 2023 दिनांकः–

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– **राजस्थान मिशन–2030 के अंतर्गत कॉमर्स कॉलेज जयपुर (राजस्थान विश्वविद्यालय) में आयोजित कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग में शामिल होने बाबत।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है राजस्थान मिशन–2030 के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में हितधारकों से सुझाव प्राप्त किए गए थे। सभी हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कॉमर्स कॉलेज जयपुर (राजस्थान विश्वविद्यालय) में दिनांक 05.10.2023 को आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विजन डॉक्यूमेंट 2023 को जारी किया जायेगा। इसके साथ ही 50 श्रेष्ठ निबंधों के संकलन का भी विमोचन किया जायेगा। भाषण और निबंध प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों से भी माननीय मुख्यमंत्री महोदय संवाद स्थापित कर सकते है।

अतः राजकीय महाविद्यालयों के नोडल प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि जिला स्तर पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता रहे विद्यार्थियों की उपस्थिति जिला प्रशासन से सामंजस्य कर जिला मुख्यालय पर स्थित वीडियों कॉन्फ्रेसिंग कक्ष में सुनिश्चित करें। सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालय कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग हेतु प्रोजेक्टर, स्क्रीन, कम्प्यूटर / लैपटॉप, स्पीकर इत्यादि आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की व्यवस्था करते हुए सभी हितधारकों को आमंत्रित कर भाग लेना सुनिश्चित करावें। कार्यक्रम यू–ट्यूब, वैबकास्ट आदि पर लाईव रहेगा।

लाईव स्ट्रीमिंग का लिंक व समय यथासमय आपको उपलब्ध करा दिया जायेगा।

क्रमांकः– एफ 7 (4) राजस्थान मिशन 2030 / अकाद / आकाशि / 2023 दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय।
5. वैबसाईट प्रभारी, वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

(प्रो. सीमा कश्यप)
संयुक्त निदेशक अकादमिक

Signature valid
Digitally signed by Seema Kashyap
Designation : Associate Professor
Date: 2023.10.04 1?:45:11 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4834423